दिल में तू श्याम नाम की ये ज्योति जला के देख

दिल में तू श्याम नाम की ये ज्योति जला के देख,
आयेगा मेरा सांवरा दिल से बुला के देख,

हारे का साथी श्याम है यारों का यार है ,
अहलावती का लाल ये सुनता पुकार है ,
चरणों में मेरे श्याम के दो आंसू बहा के देख,
आयेगा मेरा सांवरा ..

किस्मत के ताले खोलना बाबा के हाथ है ,
इक तेरे कष्ट मेटना पल भर की बात है ,
खुशियों से झोली भर देगा तू झोली फैला के देख,
आयेगा मेरा सांवरा ..

होगा असर दुआ में तो बोलेगी मूर्ति ,
जीवन में जो कमीं है श्याम कर देगा पूर्ति,
" नरसी " अगर यकीं नहीं तो आजमा के देख,
आयेगा मेरा सांवरा ..

सभी श्याम प्रेमियों को .. लेखक एवं गायक : नरेश " नरसी " (फतेहाबाद) की ओर से .. !! जय श्री श्याम जी !!
भजन प्रेषक : प्रदीप सिंघल (जीन्द वाले)

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/8274/title/dil-me-tu-shyam-naam-ki-ye-jyot-jla-ke-dekh

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |